# 25 हजार करोड़ के निवेश की आधारशिला रखेगा एलडीए

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। एलडीए आगामी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी पर राजधानी में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश की आधारशिला रखेगा। इसके तहत विकसित होने वाली टाउनशिप व ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स से लगभग डेढ़ लाख लोगों को शहर में आवासीय सुविधा मिलेगी। साथ ही उच्च स्तरीय अस्पताल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, होटल व स्कूल/इंस्टीट्यूट आदि भी बनेंगे। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को निजी विकासकर्ताओं व निवेशकों के साथ बैठक कर निवेश का रोडमैप तैयार किया।

उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए अभी तक 12 हजार करोड़ रुपये की 61 परियोजनाओं के प्रस्ताव एलडीए में आ चुके हैं। इस संबंध में उन्होंने निवेशकों से चर्चा कर कार्य की प्रगति जानी। इसमें कुछ निजी विकासकर्ताओं ने बताया कि अन्य विभागों से एनओसी न मिलने के कारण प्रोजेक्ट का काम लंबित हो रहा है। इस पर वीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेशकों को जिन-जिन विभागों से एनओसी मिलने में अड़चनें आ रही है, उन सभी की अलग-अलग रिपोर्ट बनाकर संबंधित विभागों के सक्षम अधिकारियों को पत्र जारी करें।

## वीसी ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर निजी विकासकर्ताओं व निवेशकों के साथ की बैठक



एलडीए में निवेशकों के साथ बैठक करते वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। -संवाद

### 3500 करोड़ के टाउनशिप, ग्रुप हाउसिंग के प्रस्ताव

उपाध्यक्ष के मुताबिक निजी विकासकर्ताओं ने 3500 करोड़ रुपये से टाउनशिप, ग्रुप हाउसिंग व कॉमर्शियल की 12 नई परियोजनाओं के प्रस्ताव बैठक में पेश किए। इसे मिलाकर एलडीए में अब तक 73 परियोजनाओं के प्रस्ताव आ चुके हैं। इस आधार पर 15, 613 करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता साफ हो गया है।

### 5000 लोगों को रोजगार

उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अवसर पर एलडीए ने राजधानी में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे शीघ्र ही पूरा करा लिया जाएगा। इन परियोजनाओं से लगभग 5000 लोगों को रोजगार हासिल होंगे।